02 मार्च 2024 को छठा वार्षिक पारितोषिक वित

COLLEGE Hknahan 03 Mar, 2024

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में दिनाँक 02 मार्च 2024 को छठा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में SCERT सोलन के प्राचार्य हेमंत कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। महाविद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा स्वागत करने के पश्चात मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके पश्चात केंद्रीय छात्र परिषद् की अध्यक्षा आशिता ने समारोह में शामिल सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात् राजकीय महाविद्यालय सराहाँ की प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर ने औपचारिक रूप से मुख्य अतिथि का स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने शैक्षिक क्षेत्र में मेधावी छात्र - छात्राओं एवं महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित करने, संघर्ष करने और समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक समय में रोज़गार के लिए कौशल सीखना भी ज़रूरी बताया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के विकास और भविष्य के निर्माण के लिए शिक्षक के योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उपस्थित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का खूब मनोरंजन किया। महाविद्यालय की तरफ से मुख्य अतिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों को सम्मान के तौर पर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर प्रो. जगमोहन सिंह, डॉ. सुध्यान नेगी, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश कुमार , डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराओ, पुस्तकालयध्यक्षा श्रीमती किरण कांत, अधीक्षक श्री शंभूनाथ , श्री संजीव कुमार, पूर्व बीएमओ पच्छाद डॉ. संदीप शर्मा, पूर्व कार्यालय अधीक्षक श्री सुखदेव, पूर्व कर्मचारी सुमित्रा देवी,पीटीए अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष श्री कौशल कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।